संत थॉमस स्कूल, धुर्वा, राँची
सत्र (2021-22)
प्रश्नोत्तर

शब्दार्थ:-

इजाजत-अनुमति, शेखी बघारना-डिंग मारना, इत्मीनान-सुनिश्चिय, मोहलत -अतिरिक्त समय, मुआयना-जाँच, अर्ज- प्रार्थना, तनख्वाह- वेतन, निर्जीव- बिना जान का, व्यथा- वेदना

मौखिक:-

1. पिछले तीस सालों से पियरे मॉन्ट्रियल की एडवर्ड स्ट्रीट मैं बस से सभी परिवारों को दूध बाँटने का काम कर रहा था। यही कारण था कि पियरे मॉन्ट्रियल की एडवर्ड स्ट्रीट को बहुत अच्छी तरह जानता था।
2. गाड़ी में दूध लाने जाने के बाद पियरे जोजफ के साथ इत्मीनान से सड़क पर निकल पड़ता था।
3. पियरे अपने घोड़े की तारीफ में कहता था कि "मैं तो लगाम छूता तक नहीं, मेरे घोड़े को तो लगाम की जरूरत ही नहीं है।" वह अक्सर शेखी बघारता था।
4. जैक ने कंपनी के मैनेजर से अर्ज करते हुए कहा कि आप पियरे को रिटायर कर दें और उसकी पेंशन बाँध दें।
5. एक दिन सुबह में जब पियरे आया तो जैक ने उसे कहा "आज सुबह जोजफ सो कर ही नहीं उठा। वह बहुत बुढ़ा हो गया था। 25 साल की उम्र में घोड़े की वैसी हालत हो जाती है। जैसे 75 साल के बूढ़े आदमी की होती है।"

लिखित:-

लघु उत्तरीय प्रश्न:-

1. दूध कंपनी के घोड़े का नाम जोजफ था।
2. पियरे ने सफेद घोड़े का नाम जोजफ रखा। क्योंकि जोजफ एक संत का नाम था और दोनों का स्वभाव मिलता जुलता था।
3. घोड़ा गाड़ी दूध लेकर रोजाना मॉन्ट्रियल शहर के एडवर्ड स्ट्रीट पहुंचता था।
4. अस्तबल का मुआयना करने मैनेजर आया था।
5. पियरे बरसों से एक मोटी टोपी पहनता था।
6. डॉक्टर ने बताया कि पियरे कम से कम पाँच सालों से अंधा था।

लिखित:-

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न:-

1. पियरे एडवर्ड स्ट्रीट पर दूध जोजफ की सहायता से बाँटता था। जब दोनों एडवर्ड स्ट्रीट पहुंच जाते थे तब जोजफ पहले घर पर रुकता और पियरे को नीचे उतर कर दरवाजे के सामने एक बोतल दूध रखने के लिए करीब तीस सेकंड की मोहलत देता। घोड़ा फिर दूसरे घर पर रुकता।
2. एडवर्ड स्ट्रीट के लोगों को पता था कि पियरे पढ़-लिख नहीं सकता था। दूध की अधिक आवश्यकता होने पर लोग पियरे को चिल्ला कर कहते थे "पियरे आज एक बोतल और देना।"
3. रिटायर होने की बात सुनकर पियरे बहुत दुखी हुआ। उसने कहा "हम दोनों ही अब बूढ़े हो चले हैं हम दोनों अगर इकट्ठे ही रिटायर होते तो अच्छा होता। मैं आपसे वादा करता हूँ कि जब मेरा घोड़ा रिटायर होगा तब मैं भी काम छोड़ दूँगा।"
4. ट्रक ड्राइवर इसलिए गुस्सा हो रहा था क्योंकि उसके द्वारा इतना हॉर्न बजाने के बाद भी पियरे सड़क के किनारे न होकर चला जा रहा था और ट्रक के धक्के से उसकी मृत्यु हो गई थी।

5. प्रस्तुत पाठ में मानव और जानवरों के बीच जो अटूट संबंध है उस संबंध को बड़े ही मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। एक इंसान के प्रति जानवर का और एक जानवर के प्रति इंसान का प्रेम इतना गहरा हो सकता है कि दोनों की मृत्यु एक ही समय में हो जाती है।